सत्यमेव जयते
नथमल डिडेल
I.A.S.
निदेशक

माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर-334001
☎ 0151-2522238 (का.) 2200222 (नि.)
फैक्स : 0151-2201861
E-mail : commsecedu@yahoo.com

अ.शा.पत्रांकः शिविरा–मा/माध्य/निप्र/डी–I/21901/पप/ 2017/404
दिनांक : 13 नवम्बर, 2019

प्रिय शिक्षक साथियों,

मैं आपका ध्यान इस कार्यालय द्वारा पूर्व प्रसारित निर्देश पत्र क्रमांक : शिविरा/मा/माध्य/मोनिटरिंग/बोर्ड परीक्षा/2019/25 दिनांक : 24.09.2019 द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रदत्त निर्देशों के क्रम में इस तथ्य की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि इस सत्र में बोर्ड परीक्षाएं माह फरवरी–2020 (उच्च माध्यमिक परीक्षा 20 फरवरी तथा माध्यमिक परीक्षा 27 फरवरी से) में आयोजित होने जा रही है। अतः उपलब्ध सीमित शैक्षणिक दिवसों के मद्देनजर, मैं समस्त संस्था प्रधानों से शाला परिवार के मुखिया के रूप में समस्त स्टाफ के समक्ष नेतृत्वकारी एवं प्रेरणादायक भूमिका तथा शिक्षक गण द्वारा आगामी समयावधि में अग्रांकित कार्य सम्पूर्ण क्षमता से निष्पादित करने की अपेक्षा करता हूँ :–

1. अर्द्धवार्षिक परीक्षा से पूर्व बोर्ड कक्षाओं में समस्त विषयों का पाठ्यक्रम आवश्यक रूप से पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें। पाठ्यक्रम अपूर्णता अथवा विद्यार्थियों द्वारा न्यून अधिगम लब्धि प्रदर्शन वाले विषयों की अतिरिक्त कक्षाएं विद्यालय समय के उपरान्त लगवाने की व्यवस्था संस्था प्रधान द्वारा आवश्यक रूप से की जावे।
2. विद्यालय में रिक्त पद के कारण पाठ्यक्रम अपूर्णता अथवा न्यून अधिगम लब्धि की स्थिति में संस्था प्रधान द्वारा PEEO/CBEO से समुचित समन्वय रखते हुए समीपवर्ती विद्यालयों में कार्यरत योग्यताधारी शिक्षकों को 15–15 दिन शिक्षण व्यवस्थार्थ लगवाया जाना सुनिश्चित किया जावे।
3. आगामी 04 जनवरी–20 को PTM आयोजन एवं 14 नवम्बर–19 एवं 12 जनवरी–20 को वृहद् बाल सभा आयोजन के दौरान बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से उनके बच्चे की शैक्षिक स्थिति/लब्धि बाबत् विस्तृत विमर्श उपरान्त परीक्षा अवधि में सकारात्मक वातावरण/अभिप्रेरण हेतु अभिभावकों को समुचित मार्गदर्शन प्रदान करावें।
4. अर्द्ध वार्षिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बोर्ड कक्षाओं के विषयाध्यापकों द्वारा परीक्षा आयोजन के तत्काल पश्चात् किया जाकर शीतकालीन अवकाश के दौरान न्यून लब्धि वाले विद्यार्थियों हेतु अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन आवश्यक रूप से किया जावे।

शुभकामनाएं

सद्भावी

(नथमल ड़िडेल)

समस्त संस्था प्रधान एवं शिक्षक गण
राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय